



# न्यूज़ लेटर
## उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो

**मार्च –2019**

***अन्दर के पृष्ठों पर........***


- उपलब्धियाँ
- सराहनीय कार्य
- आगामी गतिविधियाँ
- कल्याणकारी कार्य

आदेश, गोष्ठी एवं भ्रमण

तकनीकी स्तम्भ


विविध


## "पद्म श्री छत्रपति जोशी" सभागार का लोकार्पण

दिनांक 14.02.2019 : श्री प्रमोद कुमार तिवारी, तत्कालीन पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार, उत्तर प्रदेश द्वारा स्व0 छत्रपति जोशी जी (दिनांक 01.01.1952 से दिनांक 19.04.1971 तक उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो के प्रथम भारतीय मुखिया रहे तथा उत्तर प्रदेश पुलिस के प्रथम अधिकारी जो भारत सरकार द्वारा प्रदान किये जाने वाले ''पद्म श्री'' अलंकरण से विभूषित किये गये) की स्मृति में उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो मुख्यालय में "पद्म श्री छत्रपति जोशी सभागार" का लोकार्पण किया गया। इस अत्याधुनिक सुविधायुक्त सभागार में वरिष्ठ अधिकारियों के उपयोग एवं प्रशिक्षणार्थियों के प्रशिक्षण हेतु वीडियो कॉन्फ्रेसिंग की व्यवस्था स्थापित की गयी है।














सभागार में पॉवर प्वाइन्ट प्रस्तुतीकरण हेतु ओवरहेड प्रोजेक्टर की भी व्यवस्था है। सभागार में पुलिस रेडियो द्वारा प्रयोग किये गये उपकरण एवं उनके महत्वपूर्ण कलपुर्जों के साथ–साथ अत्याधुनिक वायरलेस सेटों को प्रदर्शित किया गया है। सभागार में महत्वपूर्ण गोष्ठियों तथा वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के लिये उपयुक्त आन्तरिक साज–सज्जा भी की गयी है। उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो का आधुनिक सज्जा युक्त यह सभागार प्रदेश पुलिस में अपने तरह का अनूठा सभागार है। लोकार्पण के दौरान अपर पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार, श्री सुजीत पाण्डेय के साथ–साथ रेडियो मुख्यालय के समस्त राजपत्रित एवं अराजपत्रित अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सराहनीय कार्य

निम्न भ्रमण कार्यक्रमों के दौरान निर्विघ्न संचार व्यवस्था स्थापित की गयी–

| दिनांक | जनपद |
|---|---|
| मा0 राष्ट्रपति, भारत सरकार | |
| 25.02.2019 | कानपुर |
| 24.02.2019 | लखनऊ |
| मा0 उप राष्ट्रपति, भारत सरकार | |
| 16.02.2019 | प्रयागराज |
| मा0 प्रधानमंत्री, भारत सरकार | |
| 21.02.2019 | वाराणसी |
| 19.02.2019 | वाराणसी |
| 15.02.2019 | झाँसी |
| 11/12.02.19 | मथुरा, गौतमबुद्धनगर |
| मा0 राज्यपाल, उ0प्र0 | |
| 19.02.2019 | वाराणसी |
| 18.02.2019 | आगरा |
| 15.02.2019 | झाँसी |
| 14.02.2019 | वाराणसी |
| 11/12.02.19 | मथुरा, गौतमबुद्धनगर |
| मा0 मुख्यमंत्री, उ0प्र0 | |
| 19.02.2019 | वाराणसी |
| 18.02.2019 | देवरिया |
| 17.02.2019 | रायबरेली, बस्ती |
| 15.02.2019 | झाँसी |
| 11/12.02.19 | मथुरा, गौतमबुद्धनगर |
| 09.02.2019 | वाराणसी |
| 08.02.2019 | वाराणसी, जौनपुर |
| 07.02.2019 | वाराणसी |
| 02.02.2019 | अमरोहा |
| अन्य | |

| | | |
|---|---|---|
| 19.02.19 | आगरा | मा0 प्रधानमंत्री, डेनमार्क |
| 17.02.19 | आगरा | मा0 राष्ट्रपति, इजरायल |
| 17.02.19 | आगरा | मा0 राष्ट्रपति, अर्जेन्टीना |
| 15.02.19 | प्रयागराज, झाँसी | मा0 राज्यपाल, अरुणाचल प्रदेश |
| 14.02.19 | वाराणसी | मा0 राज्यपाल, अरुणाचल प्रदेश |
| 07.02.19 | वाराणसी | मा0 मुख्यमंत्री, गुजरात |

## कुम्भ मेला स्नानों पर संचार व्यवस्था

दिनांक 04.02.2019 को मौनी अमावस्या तथा दिनांक 10.02.2019 को बसन्त पंचमी स्नानों पर निर्विघ्न पुलिस संचार व्यवस्था स्थापित की गयी।

## कल्याणकारी कार्य

पुलिस रेडियो प्रशिक्षण केन्द्र स्थित होम्योपैथिक चिकित्सालय में फरवरी–2019 में 385 कार्मिकों का उपचार किया गया।

## पुलिस रेडियो मुख्यालय पर अत्याधुनिक सुविधायुक्त "महिला कक्ष" का लोकार्पण

दिनांक 23.02.2019 : उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो मुख्यालय पर महिलाओं के लिए आधुनिक सुविधायुक्त वातानुकूलित कक्ष का लोकार्पण श्रीमती मीनाक्षी तिवारी, अध्यक्षा, उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो परिवार कल्याण समिति के कर कमलों द्वारा 23 फरवरी, 2019 को श्री प्रमोद कुमार तिवारी, पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार एवं रेडियो मुख्यालय के समस्त राजपत्रित एवं अराजपत्रित अधिकारियों / कर्मचारियों की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में उपस्थित महिलाओं द्वारा वातानुकूलित कक्ष की साज–सज्जा एवं उपलब्ध संसाधनों यथा फ्रिज, माइक्रोवेव ओवेन, डायनिंग टेबिल, सोफे, पलंग, बेबी क्रिब इत्यादि की प्रशंसा करते हुए व्यवस्था को महिलाओं के लिये अत्यन्त उपयोगी एवं महत्वपूर्ण बताया गया। इस सुविधायुक्त कक्ष के समीप ही महिलाओं हेतु एक बहुत ही सुन्दर वॉशरूम भी बनवाया गया है।







## मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश/उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय, प्रयागराज के आदेश/निर्देश

1. पुलिस महानिरीक्षक, कानून एवं व्यवस्था, उ0प्र0 के पत्र संख्याः डीजी–आठ–80(34)2019 दिनांक 22.02.2019 द्वारा लोक सभा सामान्य निर्वाचन–2019 के दृष्टिगत रेडियो मुख्यालय में नियुक्त पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों के पोस्टल बैलेट से सम्बन्धित फार्म–12 के माध्यम से आवेदन की कार्यवाही शीघ्र ही प्रारम्भ किये जाने के लिए डाटा बेस तैयार कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

## रेडियो मुख्यालय के आदेश/कार्यालय ज्ञाप

1. पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार के कार्यालय ज्ञाप संख्याः एटी–मिस/2016(परफारमेन्स) दिनांक 19.02.2019 द्वारा मेसर्स वरटेल इन्फोटेल प्रा0लि0, नेहरू प्लेस, नई दिल्ली द्वारा विपणित किये जा रहे संचार उपकरणों को गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा दो बार सिक्योरिटी क्लियरेन्स न दिये जाने के कारण राष्ट्रीय सुरक्षा के परिप्रेक्ष्य में उक्त फर्म को संचार उपकरणों के लिये जेम पर बिड किये जाने से स्थाई रूप से वंचित किये जाने के क्रम में एस0एस0बी0 मुख्यालय, गृह मंत्रालय, भारत सरकार का पत्र दिनांक 28.01.2019 सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु भेजा गया है।
2. अपर पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार के कार्यालय ज्ञाप संख्याः एडीजी–सीए–15/2019 दिनांक 12.02.2019 द्वारा मुख्यालय में नियुक्त समस्त अधिकारी/कर्मचारियों को बिना किसी उच्चाधिकारी अथवा पर्यवेक्षण अधिकारी के संज्ञान में लाये कार्यालय से अनुपस्थित न होने हेतु निर्देशित किया गया है। यदि भविष्य में कोई अधिकारी या कर्मचारी बिना उच्चाधिकारी अथवा पर्यवेक्षण अधिकारी के संज्ञान में लाये कार्यालय से अनुपस्थित होते हैं तो उनके विरूद्ध नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।

## पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार के भ्रमण कार्यक्रम

1. दिनांक 19.02.2019 : जनपद कानपुर नगर की संचार इकाईयों का भ्रमण/निरीक्षण किया एवं बेहतर संचार व्यवस्था हेतु मार्गदर्शन प्रदान किया।
2. दिनांक 11.02.2019 : जनपद गाजियाबाद एवं जनपद गौतमबुद्धनगर की संचार इकाईयों का भ्रमण/निरीक्षण किया एवं बेहतर संचार व्यवस्था हेतु मार्गदर्शन प्रदान किया।
3. दिनांक 10.02.2019 : जनपद आगरा की संचार इकाईयों का भ्रमण/निरीक्षण किया एवं बेहतर संचार व्यवस्था हेतु मार्गदर्शन प्रदान किया।
4. दिनांक 04.02.2019 : कुम्भ मेला, प्रयागराज में मौनी अमावस्या स्नान पर्व को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु जनपद प्रयागराज में कैम्प किया।

## प्रशिक्षण

1. दिनांक 22/23.02.2019 को पुलिस रेडियो प्रशिक्षण केन्द्र में त्रैमासिक साइफर कोरियर्स की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक को उप महानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) गण द्वारा सम्बोधित किया गया। स्टाफ की समस्याओं को सुनकर समाधान किया गया।

2. दिनांक 21.01.2019 से प्रचलित 94वें बैच ग्रेड द्वितीय प्रशिक्षण की अन्तिम परीक्षाएँ दिनांक 27.02.2019 से प्रारम्भ हुईं।

3. दिनांक 16.02.2019 को प्रशिक्षण केन्द्र में मासिक मेस गोष्ठी सम्पन्न हुई।

## भोजनालय का उच्चीकरण

उ0प्र0 पुलिस रेडियो प्रशिक्षण केन्द्र भोजनालय हेतु जेम के माध्यम से रोटी प्रेसिंग मशीन का क्रय किया गया है। इससे पूर्व इसी वित्तीय वर्ष में आटा गूंथने की मशीन व गैस तवा भट्टी का भी क्रय किया गया था। इन उपकरणों/मशीनों की मदद से मेस में भोजन बनाने का कार्य तीव्र गति से हो रहा है तथा मेस फालोवर्स को काफी सुविधा हो गयी है। प्रशिक्षणार्थियों द्वारा प्रत्येक माह आयोजित मासिक मेस गोष्ठी में खाने की गुणवत्ता भी अच्छी बतायी जा रही है।

## सेवानिवृत्ति

उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो से माह फरवरी 2019 में 12 अराजपत्रित कार्मिक अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए–

1. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री धर्मराज, मऊ, 2. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री अश्वनी कुमार, जालौन, 3. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री कृष्णलाल दीक्षित, ललितपुर, 4. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री घनश्याम कनौजिया, कन्नौज, 5. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री शैलेन्द्र कुमार अवस्थी, खीरी, 6. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री दुष्यन्त कुमार, मुज़फ्फरनगर, 7. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री राम सुधाकर तिवारी, बलरामपुर, 8. प्रधान परिचालक/791, श्री अशोक कुमार कौशिक, हापुड़, 9. प्रधान परिचालक यॉत्रिक/4653, श्री कृष्ण दत्त भट्ट, रेडियो मुख्यालय, 10. संदेशवाहक, श्री सतीश चन्द्र, प्रयागराज, 11. संदेशवाहक, श्रीमती शकुन्तला देवी, रेडियो मुख्यालय, 12. संदेशवाहक, श्री रवीन्द्र कुमार, रेडियो मुख्यालय।

सभी सेवानिवृत्त कार्मिकों को परम्परागत रुप से सम्मान–पत्र प्रदान कर सम्मानजनक विदाई दी गयी।

## विविध

उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ के अशा0 पत्र संख्याः 185डीजीटी/VI/पीयू.एसई–2–19–पीएफ–20/03(पी) दिनांक 25.02.2019 के अनुपालन में श्री प्रमोद कुमार तिवारी, पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार द्वारा दिनांक 25.02.2019 के अपरान्ह में पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार का कार्य भार सौंपा गया।

# सम्मान / विदाई

श्री प्रमोद कुमार तिवारी, तत्कालीन पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार को शासन द्वारा सूचना आयुक्त, मा0 राज्य सूचना आयोग, उ0प्र0 नियुक्त किये जाने के उपरान्त मा0 राज्यपाल, उ0प्र0 द्वारा दिनांक 26.02.109 को शपथ दिलाई गयी। दिनांक 28.02.2019 श्री तिवारी जी का रेडियो मुख्यालय पर सम्मान/विदाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। श्री तिवारी जी एवं उनके परिवार का भव्य स्वागत एवं अभिनन्दन किया गया। इस अवसर पर श्री तिवारी जी के पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार पद पर तैनाती के 16 माह के दौरान कराये गये उल्लेखनीय, नवीन एवं मौलिक कार्यों का स्मरण किया गया। वक्ताओं ने श्री तिवारी जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व की भूरि–भूरि प्रशंसा के साथ उनके व्यक्तित्व के मानवीय पहलुओं को साझा किया तथा पुलिस दूरसंचार में उनके द्वारा कराये गये कार्यों के प्रति आभार व्यक्त किया। श्री तिवारी जी ने अपने सम्बोधन में पुलिस रेडियो विभाग एवं पुलिस रेडियो अधिकारियों/कर्मचारियों के तकनीकी ज्ञान, क्षमताओं, व्यावसायिकता एवं प्रतिबद्धता की मुक्त कण्ठ से प्रशंसा की तथा पुलिस रेडियो को पुलिस की सभी इकाइयों से बेहतर बताया। इस अवसर पर रेडियो मुख्यालय के समस्त राजपत्रित एवं अराजपत्रित अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।


















## श्री प्रमोद कुमार तिवारी जी का परिचय

श्री प्रमोद कुमार तिवारी जी का जन्म 01 जुलाई 1959 को जनपद जौनपुर के सिकरारा ब्लॉक के ग्राम शाहपुर खपरहा में हुआ। भारतीय सेना में नौकरी के दौरान भारतीय पुलिस सेवा के 1986 बैच के सीधी भर्ती के अधिकारी के रूप में चयन के उपरान्त आप सहायक पुलिस अधीक्षक के पद पर जनपद इलाहाबाद, मुरादाबाद, मा0 राज्यपाल, उ0प्र0 के परिसहायक, पुलिस अधीक्षक/सेनानायक के पद पर अभिसूचना, जनपद आगरा, हमीरपुर, बस्ती, गाज़ियाबाद, रेलवेज़, 28वीं वाहिनी/30वीं वाहिनी पीएसी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के रूप में जनपद इलाहाबाद, आगरा, रेलवेज़, पीएसी मुख्यालय, पुलिस उपमहानिरीक्षक के पद पर इलाहाबाद परिक्षेत्र, अन्तर्राज्यीय सीमा बल, रेलवेज़, कारागार, पुलिस महानिरीक्षक के पद पर पुलिस मुख्यालय, कानपुर ज़ोन, इलाहाबाद ज़ोन, अग्निशमन सेवायें, रेलवेज़, पीएसी मुख्यालय, गोरखपुर परिक्षेत्र, आगरा परिक्षेत्र, मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0, पीएसी मध्य ज़ोन, अपर पुलिस महानिदेशक के पद पर होमगार्ड्स एवं पुलिस महानिदेशक के पद पर होमगार्ड्स, नियम एवं ग्रन्थ तथा दूरसंचार मुख्यालयों पर नियुक्त रहे।

आप एक विलक्षण विद्यार्थी, कुशल वक्ता व आन्तरिक सुरक्षा विषयों के विशेषज्ञ हैं। कर्तव्य के प्रति लगन, परिश्रम, सच्ची निष्ठा एवं पूर्ण मनोयोग से किये गये अभूतपूर्व योगदान हेतु आपने सराहनीय सेवाओं के लिये राष्ट्रपति का पुलिस पदक, उत्कृष्ट सेवाओं के लिये राष्ट्रपति का पदक सहित अन्य कई पदक व सम्मान अर्जित किये हैं। आपने अनेक महत्वपूर्ण अभियानों में भी भाग लिया है।

## श्री प्रमोद कुमार तिवारी जी के निर्देशन में सम्पन्न कार्यों का संक्षिप्त विवरण

श्री प्रमोद कुमार तिवारी जी ने दिनांक 26 अक्टूबर 2017 से पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार, उ0प्र0 के पद को सुशोभित करने के उपरान्त 16 माह के कार्यकाल में उत्तर प्रदेश पुलिस दूरसंचार मुख्यालय पर मा0 राज्यपाल, उ0प्र0/मा0 उप मुख्यमंत्री, उ0प्र0 के कार्यक्रमों के साथ–साथ पुलिस सप्ताह–2018, 15 अगस्त, 26 जनवरी, श्री कृष्ण जन्माष्टमी इत्यादि कार्यक्रम अभूतपूर्व रीति से सम्पन्न कराने हेतु मार्गदर्शन दिया। इस दौरान आपके निर्देशन में निकाय चुनाव, गुजरात/कर्नाटक/मध्य प्रदेश/राजस्थान में विधान सभा चुनावों में उ0प्र0 पुलिस कन्टीन्जेण्ट की पुलिस संचार व्यवस्था तथा प्रदेश में अति–विशिष्ट/विशिष्ट महानुभावों के भ्रमण इत्यादि अवसरों पर निर्विध्न संचार व्यवस्था बनाये रखी गयी।

पुलिस दूरसंचार की कार्यप्रणाली को दीर्घकालिक रुप से पुष्पित एवं पल्लवित करने हेतु ''पुलिस रेडियो मेल'' सेवा का प्रारम्भ, गोरखपुर ज़ोन के जनपदों में डिज़ीटल वायरलेस सेटों का अधिष्ठापन, जेम एवं ई–निविदा द्वारा उपकरणों का क्रय एवं कुम्भ मेला हेतु संचार उपकरणों का क्रय भी समय से पूर्ण कराया गया। कुम्भ मेला–2019 में आपके निर्देशन में स्थापित पुलिस संचार व्यवस्था की सर्वत्र प्रशंसा हुई।

आपने रेडियो मुख्यालय के सेवानिवृत्त कार्मिकों के पेंशन रिवीज़न, मृतक आश्रित सेवायोजन, कार्मिकों की पदोन्नतियाँ इत्यादि कार्य प्राथमिकता पर कराये। आपने पारेषक गृह के जीर्णोद्धार/वातानुकूलन, मुख्य भवन, पोलनेट भवन व पारेषक गृह परिसर का सौंदर्यीकरण भी उत्कृष्टतापूर्वक कराया। प्रशिक्षण कार्यों हेतु नवीन उपकरणों एवं फर्नीचर से सुसज्जित वातानुकूलित मॉडल व्याख्यान कक्षों, मॉडल प्रयोगशालाओं, मॉडल नियंत्रण कक्ष, कम्प्यूटर कक्ष, सीसीटीवी प्रशिक्षण हेतु व्यवस्था, महिलाओं हेतु सुसज्जित वातानुकूलन कक्ष इत्यादि व्यवस्थाएँ लोकार्पित कीं। पदोन्नति पात्रता प्रशिक्षण, ऑनलाइन परीक्षाओं हेतु सॉफ्टवेयर निर्माण, अग्निशमन/कम्प्यूटर/सीसीटीवी/डीएमआर सेट सम्बन्धी प्रशिक्षण/पदोन्नत सहायक रेडियो अधिकारी/रेडियो निरीक्षक का प्रशिक्षण/डीजीपी मुख्यालय के टेलीफोन ड्यूटी कार्मिकों का प्रशिक्षण तथा पुलिस रेडियो की चतुर्थ श्रेणी महिलाओं को कम्प्यूटर प्रशिक्षण भी पूर्ण कराने हेतु प्रेरणा दी। वोकेशनल ट्रेनिंग हेतु पंजीकरण, उ0प्र0 पुलिस की वेबसाईट पर 06 मैनुअल अपलोड करने जैसे कार्य भी आपके निर्देशन में सम्पन्न हुए। सेवानिवृत्त होने वाले कार्मिकों को प्राप्त धन के सही उपयोग हेतु वित्तीय प्रबन्धन कार्यशालाओं का आयोजन भी आपकी प्रेरणा से कराया गया। 15 मेधावी छात्र/छात्राओं को पुरस्कार एवं सम्मान, उत्कृष्ट/सराहनीय कार्य करने वाले कार्मिकों को पारितोषिक, योग एवं आसन की कक्षाएँ, निःशुल्क स्वास्थ्य कैम्प के आयोजन व सेवानिवृत्ति पर कार्मिकों की ससम्मान विदाई भी आपने सुनिश्चित कीं।

आपने पुलिस रेडियो मेस हेतु खाना बनाने में सहायक मशीनों का क्रय भी कराया। आपके निर्देशन में लगभग 1600 पौधों को रोपण किया गया जिनमें कई प्रजातियों के फलदार पौधे भी सम्मिलित हैं। वर्ष 2018 में अप्रैल एवं दिसम्बर में दो पुलिस वीक तथा सभागार में बेजोड़ पीए उपकरणों का अधिष्ठापन भी आप द्वारा कराया गया।

आपने सामूहिक श्रमदान ''हलमा'', "वन महोत्सव", पॉलीथिन का प्रयोग बन्द करने हेतु "जागरूकता कार्यक्रम" के आयोजन एवं पराक्रम दिवस पर फिल्म प्रदर्शन की भी प्रेरणा दी। आपके निर्देशन में मा0 राज्यपाल, उ0प्र0 से उ0प्र0 पुलिस दूरसंचार के लॉन को वर्ष 2018 व 2019 में क्रमशः प्रथम व द्वितीय पुरस्कार प्राप्त हुए।

नगर निगम, लखनऊ से वायरलेस चौराहे का नाम ''छत्रपति जोशी चौराहा'' कराने तथा रेडियो मुख्यालय पर अत्याधुनिक बेजोड़ ''पद्म श्री छत्रपति जोशी सभागार'' के निर्माण में आपका मार्गदर्शन अतुलनीय रहा।

# 10 सूचना आयुक्तों को राज्यपाल ने शपथ दिलाई

राज्य मुख्यालय | विशेष संवाददाता

राज्यपाल राम नाईक ने मंगलवार को राजभवन में आयोजित एक समारोह में नवनियुक्त दस राज्य सूचना आयुक्तों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहे। सभी राज्य सूचना आयुक्तों ने शपथ ग्रहण के बाद आरटीआई भवन आकर अपने-अपने कार्यालय में पदभार भी संभाल लिया।

राज्यपाल ने राज्य सूचना आयुक्त के रूप में सुबेश कुमार सिंह, रचना पाल, सुभाष चन्द्र सिंह, हर्षवर्धन शाही, अजय कुमार उप्रेती, किरन बाला चौधरी, चन्द्रकांत पाण्डेय, प्रमोद कुमार तिवारी, नरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव एवं राजीव कपूर को शपथ ग्रहण कराई। समारोह में मुख्य सचिव डॉ. अनूप चन्द्र पाण्डेय, डीजीपी ओपी सिंह, अपर मुख्य सचिव राज्यपाल हेमन्त राव, अपर मुख्य सचिव सूचना अवनीश अवस्थी तथा नवनियुक्त राज्य सूचना आयुक्तों के परिवारीजनों सहित अन्य विशिष्टजन भी मौजूद रहे। समारोह का संचालन मुख्य सूचना आयुक्त जावेद उस्मानी ने किया।



राज्यपाल राम नाईक और सीएम योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में मंगलवार को नवनियुक्त राज्य सूचना आयुक्तों ने शपथ ली।

राज्य सूचना आयुक्त होने वाले सुबेश कुमार सिंह व प्रमोद कुमार तिवारी भारतीय पुलिस सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारी हैं, जबकि राजीव कपूर व चंद्रकांत पांडेय भारतीय प्रशासनिक सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारी हैं। इसी तरह हर्षवर्धन शाही, सुभाष चंद्र सिंह, नरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव व अजय कुमार उप्रेती पत्रकारिता के क्षेत्र से हैं और अपनी उल्लेखनीय सेवाओं के लिए जाने जाते हैं। दो अन्य राज्य सूचना आयुक्त किरन बाला चौधरी व रचना पाल ने समाजसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया है।

# 10 new SICs take oath

TIMES NEWS NETWORK

Lucknow: UP Governor Ram Naik administered oath of office to the 10 newly appointed state information commissioners (SICs) at the Raj Bhawan here on Tuesday.

The state government has appointed former IPS officers PK Tewari and Subesh Kumar Singh, former IAS officers Rajiv Kapoor and CK Pandey, journalists Subhash Kumar Singh, Ajay Upreti, Narendra Kumar Srivastava, Kiran Bala Chaudhary, Harsh Wardhan Shahi and social activist Rachna Pal as SICs.

सम्पादन एवं डिज़ाइन– श्री सत्य प्रकाश सिंह, उप महानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) एमसीआर। सहयोगीगण– श्री वी0के0 वर्मा, रेडियो निरीक्षक एवं श्री अख्तर अली, रेडियो उप निरीक्षक। डिज़ाइन सहयोग–श्री अजय कुमार सोनकर, प्रधान परिचालक।
मुद्रक – शिवा PRESS ☎ 95989 666 88 KAPOORTHALA, LUCKNOW
प्रतियाँ – 300